साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करती है :

पद का नाम : सहायक संपादक
पदों की संख्या : एक (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित)
पदस्थान : प्रधान कार्यालय नई दिल्ली
वेतनमान : लेवल 10/56100-177500 (7 सीपीसी)
आयु सीमा : 40 वर्ष
(भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)
नियुक्ति का आधार : सीधी भर्ती
शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ :
अनिवार्य :

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि।
2. हिंदी/अंग्रेज़ी भाषा का अच्छा ज्ञान तथा संबद्ध क्षेत्र की एक या एक से अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान।
3. साहित्यिक एवं विद्वत्तापूर्ण पांडुलिपियों की कॉपी-एडीटिंग, अनुवाद के निरूपण एवं निष्पादन तथा मुद्रण के विभिन्न चरणों में उनकी समग्र देखरेख का पाँच वर्षों का अनुभव।
4. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय :

i) साहित्य में शोध उपाधि।
ii) शोधकार्य का अनुभव/प्रकाशित शोध आलेख/कृतियाँ।
iii) भारतीय साहित्य का सामान्य ज्ञान।
iv) पत्रकारिता में डिप्लोमा।

पदस्थ को भारत में स्थित साहित्य अकादेमी के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है। ई-मेल द्वारा अथवा आवश्यक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत तथा अर्हता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यार्थी निर्दिष्ट आवेदन प्रक्रिया हेतु अकादेमी वेबसाइट देखें।

आवेदन पत्र अकदेमी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों की समय-सीमा के अंदर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर ''सहायक संपादक प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली पद (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) हेतु आवेदन'' का उपरिलिखित होना चाहिए।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/05/2021

प्रकाशन तिथि : 14 अगस्त 2021

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 13 सितंबर 2021